FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0029 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 01/02/2026 20:43 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 14/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 29/01/2026

Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 10:20 बजे **Time To (समय तक):** 15:24 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 01/02/2026 **Time (समय):** 20:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 003 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 01/02/2026 20:43:43 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 100 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** KARALYA PANCHYAT SAMITI SEKHAL, JILA JODHPUR

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** KANWAR SINGH RATHOR

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** SHAITAN SINGH

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1967 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	VISHVKARMA NAGAR GRAM KETU, PANCHYAT SAMITI SEKHALA, JODHPUR RURAL, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	VISHVKARMA NAGAR GRAM KETU, PANCHYAT SAMITI SEKHALA, JODHPUR RURAL, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	RAJENDRA		पिता:MOHANRAM	1. MANDOR RELWAY STATION KE PICHHE,PAITHALAV NADI MANDOR,MANDOR,JODHPUR CITY,RAJASTHAN,INDIA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		15,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 15,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवामें श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण (राजस्थान) विषय- रिश्वत लेते हुए पकडवाने बाबता मान्यवरजी निवेदन है कि मै कंवर सिंह राठौड पुत्र श्री शैतान सिंह जाति राजपूत उम्र 59 वर्ष निवासी विश्वकर्मा नगर केतु मदा तहसील सेखाला जिला जोधपुर का निवासी हॅु। मेरे फर्म नागाराणाराय इन्टरप्राईजेज केतु मदा का ग्राम पंचायत केतु मदा में निर्माण कार्यो के मेटेरियल सप्लाई का टेन्डर हो रखा है। वर्तमान मेरी फर्म का ग्राम पंचायत से विभिन्न कार्यो के मेटेरियल के बदले 6 प्रतिशत कमिशन मांग रहा है। कुछ भुगतान पहले कार्यो का किया उसका भी मांग रहा है ग्रा. पं. केतु मदा के ग्राम विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र इसके बदले मेरे से 10,000/- रूपये की रिश्वत मांग रहा है मै मेरे वाजिब कार्यो कि रिश्वत नही देकर रिश्वत लेते राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी को पकडवाना चाहता हॅु उक्त रिश्वत राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी मेरे से नही लेकरमेरे पुत्र सुरेन्द्र सिंह से लेगा मेरी राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी से कोई रंजिस नही है उसकी कोई हमारे से लेन-देन बकाया नही है उक्त रिश्वत राशि मेरे पुत्र सुरेन्द्र सिंह राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी को देगा तथा सुरेन्द्र ही उससे इस बाबत करेगा। दिनांक-14-12-2025 प्रार्थी कंवर सिंह राठौड पुत्र श्री शैतान सिंह जाति राजपूत निवासी विश्वकर्मा नगर केतु मदा तहसील सेखाला जिला जोधपुर मो.नं.

कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर ग्रामीण कार्यवाही पुलिस दिनांक 14-12-2025 समय- 10.20 एएम इस समय मन पारस सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण के समक्ष कार्यालय हाजा में उपस्थित होकर परिवादी श्री कंवर सिंह राठौड पुत्र श्री शैतान सिंह जाति राजपूत उम्र 59 वर्ष निवासी विश्वकर्मा नगर केतु मदा तहसील सेखाला जिला जोधपुर ने एक हस्तलिखित रिपोर्ट से मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) का पाया गया। परिवादी ने यह भी बताया कि आरोपी राजेन्द्र मेरे से रिश्वत राशि की वार्ता नही करेगा मेरे पुत्र सुरेन्द्र सिंह राठौड से वार्ता करेगा जिस पर आईंदा सुरेन्द्र सिंह राठौड से सम्पर्क कर मांग सत्यापन वार्ता करवाई जायेगी वक्त- 10.50 एएम इस समय परिवादी श्री कंवर सिंह राठौड ने अपने स्तर पर गोपनीय रूप से संदिग्ध आरोपी की उपस्थिति के बारे में पता कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि आज रविवार होने से संदिग्ध आरोपी श्री राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी ग्राम केतु मदा में नही है। आज रविवार का अवकाश होने से आज वो नही मिलेगा। कल दिनांक 15-12-2025 को सोमवार को ग्राम केतु मदा में मिल जायेगा। जिस मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कल दिनांक 15-12-2025 को मांग सत्यापन करवाये जाने का निर्णय लिया जाकर परिवादी को गोपनीयता का हिदायत कर रवाना किया गया। दिनांक 15-12-2025 वक्त- 8.30 ए.एम. इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय के कानि श्री रामकिशोर को तलब कर डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर निकालकर नया मैमोरी कार्ड डालकर मैमोरी कार्ड एवं डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर खाली होना सुनिश्चित कर कानि श्री रामकिशोर को चलाने की समझाईश कर सुपुर्द कर परिवादी के मोबाईल नम्बर श्री रामकिशोर को देकर हिदायत दी गई कि ग्राम केतु मदा पहुंच परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकॉर्ड कर लाने हेतु गोपनीयता की आवश्यक हिदायत के रवाना किया। समय- 05.50 पी.एम.इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को श्री रामकिशोर कानि. ने जरिये वाटसएप कॉल कर अवगत करवाया कि मै कार्यालय से रवाना होकर केतु मदा पहुंच परिवादी से सम्पर्क कर परिवादी से मिला। तत्पश्चात परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड ने अपने स्तर पर पता किया गया तो संदिग्ध आरोपी ग्राम पंचायत में नही आना ज्ञात हुआ तथा कल आने का कह रहा है तब श्री रामकिशोर कानि को गोपनीयता की हिदायत कर निर्देशित किया कि आप वहीं संदिग्ध आरोपी के आने इंतजार में रूकने का कहा गया। दिनांक 16-12-2025 वक्त- 5.00 पी.एम.इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को श्री रामकिशोर कानि. ने जरिये वाटसएप कॉल कर अवगत करवाया कि मै कार्यालय से रवाना होकर केतु मदा पहुंच परिवादी से सम्पर्क कर परिवादी से मिला। तत्पश्चात परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड ने अपने ने अपने स्तर पर पता किया गया तो संदिग्ध आरोपी ग्राम पंचायत में नही आना ज्ञात हुआ तथा कल आने का कह रहा है तब श्री रामकिशोर कानि को गोपनीयता की हिदायत कर निर्देशित किया कि आप वहीं संदिग्ध आरोपी के आने इंतजार में रूकने का कहा गया। दिनांक 17-12-2025 वक्त- 4.50 पी.एम इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को श्री रामकिशोर कानि. ने जरिये वाटसएप कॉल कर बताया कि मै कार्यालय से ग्राम सरहद केतु मदा के लिए दिनांक 15-12-2025 को बस से रवाना होकर परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वती राशि मांग सत्यापन करवाने हेतु गया था दिनांक 15,16-12-2025 को ग्राम केतु मदा

उपस्थित नही होने से रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता नही हो पाई थी आज परिवादी ने अपने स्तर पर पता किया तो संदिग्ध आरोपी ग्राम पंचायत केतु मदा मे होना ज्ञात होने पर मैने डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर अपने पास से निकालकर चालु कर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड को सुपुर्द कर अपनी उपस्थित छुपाते हुए इंतजार किया। कुछ समय पश्चात परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड मेरे पास आया जिस पर परिवादी से मैने डिजिटल वायस रिकॉर्डर लेकर स्विच ऑफ कर अपने पास सुरक्षित रखा। परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह ने मेरे को बताया कि मेरी ओर श्री राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी की मेरे कार्य से सम्बन्धित वार्ता हो गई है जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस द्वारा श्री रामकिशोर को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर लेकर परिवादी को गोपनीयता की हिदायत कर वहीं छोड कर कार्यालय में उपस्थित आने की हिदायत की। समय- 8.00 पी.एम.इस समय श्री रामकिशोर कानि कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया एवं मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्विच ऑफ सुदा कार्यालय का डिजिटल वाईस रिकॉर्डर सुपुर्द किया। रिकार्डर प्राप्त कर अपनी सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया। आईंदा रिकॉर्ड वार्ता को सुनने का निर्णय लिया गया। दिनांक 18-12-2025 वक्त- 9.00 पी.एम. इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने पास सुरक्षित रखा कार्यालय का डिजिटल वाईस रिकॉर्डर जिसमे परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह एवं संदिग्ध आरोपी श्री राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी के मध्य हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता को सुनने हेतु उक्त रिकॉर्डर को ऑन् कर रिकॉर्ड वार्ता को सुना गया तो परिवादी व सदिग्ध आरोपी के मध्य रिश्वती राशि मांग सत्यापन से सम्बन्धित स्पष्ट वार्ता नही होना पाई जाने से आईंदा पुन रिश्वती राशि मांग सत्यापन करवाये जाने का निर्णय लिया जाकर डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मूल मेमोरी कार्ड अपने पास सुरक्षित रखा। आईंदा फर्द ट्रांसक्रिप्ट बनाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 14.01.2026 वक्त- 2.00 पी.एम. इस समय परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष कार्यालय में उपस्थित होकर बताया कि अब संदिग्ध आरोपी मेरे रिश्वत राशि मांग वार्ता हो सकती है। वक्त- 2.30 पी. एम. इस समय मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस को कार्यालय कक्ष् में तलब कर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह व श्री महेश श्रीमाली का आपस में परिचय करवाया जाकर परिवादी का प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज एवं परिवादी व सदिग्ध आरोपी के मध्य पूर्व हुई रिश्वती राशि रूबरू वार्ता का डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मूल मेमोरी कार्ड मेरे पास सुरक्षित रखा था जिसको अग्रिम कार्यवाही हेतु श्री महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस को सुपुर्द कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्दशित किया गया। वक्त- 2.35 पी.एम. इस समय मन महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी के प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मूल मैमोरी कार्ड एवं परिवादी को लेकर अपने काया्र्लय कक्ष में उपस्थित आया। परिवादी श्री सुरेन््द्र सिंह राठौड से आवश्यक पुछताछ की जाकर परिवादी के प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजो का अवलोकन किया गया तथा डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर को ऑन कर मेमोरी कार्ड में रिकॉर्डेड रिश्वती राशि मांग सत्यापन रूबरू वार्ता दिनांक 17-12-2025 के मुख्य-मुख्य अंश सुने गये तो परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड व संदिग्ध आरोपी के मध्य रिश्वती राशि मांग सत्यापन रूबरू वार्ता स्पष्ट नही होना पाई गई। जिस पर उपस्थित परिवादी ने बताया कि आज पुन रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता हो सकती है। जिस पर मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा पुन रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता करवाये जाने का निर्णय लिया जाकर कार्यालय में पदस्थापित श्री ओमप्रकाश कानि. 260 को कक्ष में तलब कर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह एवं श्री आमप्रकाश कानि. क आपसी परिचय करवाया जाकर दोनो के मोबाईल नम्बरो का आदान प्रदान करवाया गया। तत्पश्चात परिवादी एवं श्री ओमप्रकाश कानि डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर को चालु करना एवं बंद करने की प्रक्रिया की समझाईश की गई। वक्त- 2.43 पी.एम.इस समय डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मे नया मैमोरी कार्ड डालकर रिकॉर्डर एवं मेमोरी कार्ड को खाली होना सुनिश्चित कर श्री ओमप्रकाश कानि. को सुपुर्द कर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड के साथ रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता करवाकर लाने हेतु परिवादी के निजी वाहन से आवश्यक हिदायत के रवाना किया गया। वक्त- 9.30 पी.एम.इस समय श्री ओमप्रकाश कानि. 260 कार्यालय हाजा में उपस्थित आया मन उप अधीक्षक को कार्यालय का डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड स्वीच ऑफ सुदा सुपुर्द कर बताया कि मै आपके पास से रवाना होकर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह के निजी वाहन से पंचायत समिति सेखाला पहुंच परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड से सदिग्ध आरोपी से उपस्थिति पता करने हेतु कहा गया परिवादी ने अपने मोबाईल से सदिग्ध आरोपी को कॉल् कर पता कर बताया कि संदिग्ध आरोपी वर्तमान में बाहर है घंटा भर में आने का कहा है जिस पर सदिग्ध आरोपी के इंतजार में गोपनीय रूप से सेखाला उपस्थित रहा। तत्पश्चात एक घंटा बाद परिवादी ने सदिग्ध आरोपी के मोबाईल पर कॉल् कर उपस्थित पता मुझे बताया कि आरोपी अभी सेखाला बस स्टेण्ड पर उपस्थित है जिस पर मैने डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर ऑन परिवादी को सुपुर्द कर रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कर लाने हेतु रवाना किया तथा मै वही पर गोपनीय रूप से उपस्थिति छुपाते हुए खडा रहा कुछ समय पश्चात परिवादी मेरे पास उपस्थित आया तथा डिजिटल वॉयस रिकॉर्ड मुझे सुपुर्द किया जिसको मैने स्वीच ऑफ कर मेरे पास सुरक्षित रखा तथा परिवादी ने बताया कि मेरे व सदिग्ध आरोपी के मध्य मेरे कार्य से सम्बन्धित वार्ता हो गई है। तत्पश्चात मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर को ऑन कर रिकॉर्डिग वार्ता को सुना गया तो संदिग्ध आरोपी श्री राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी द्वारा परिवादी से 60000 रूपये रिश्वती राशि मांग कर वार्ता के दौरान 15,000/- लेना पाया गया। एवं संदिग्ध आरोपी द्वारा 15-20 दिन में रिश्वती राशि देने का कहना पाया गया। डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया

एवं उक्त रिकॉर्ड वार्ता की आईंदा परिवादी को तलब कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। हालात उच्चाधिकारियों को निवेदन किया गया। दिनांक 28.01.2026 वक्त-11.00 ए.एम.इस समय मन उप अधीक्षक पुलिस ने श्री ओमप्रकाश कानि से परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड को कॉल कर रिश्वती राशि की व्यवस्था कर आज ही कार्यालय में उपस्थित आने हेतु पाबंद किया गया। वक्त- 2.30 पी.एम.इस समय पूर्व से पाबंद सुदा परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड कार्यालय में उपस्थित आया तथा मन उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि मेरे अन्य कार्य हो जाने से रिश्वती राशी की व्यवस्था नही हो पाई केवल 15,000/- रूपये की ही व्यवस्था हो पाई है, जो मै साथ लेकर आया हॅु वक्त 2.50 पी.एम. इस समय मन महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस द्वारा श्रीमान अधिशाषी अभिंयता परियोजना पी.ओ. थर्ड पी.एच.ई.डी. जोधपुर के नाम दो स्वतंत्र गवाह उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय पत्र क्रमांक 146 दिनांक 28.01.2026 तैयार कर श्री ओमप्रकाश कानि. 260 को सुपुर्द कर जरिये सरकारी वाहन मय वाहन चालक लालाराम के रवाना किया गया। वक्त 4.00 पी.एम.इस समय श्री ओमप्रकाश कानि. नम्बर 260 कार्यालय हाजा में उपस्थित आया व अवगत करवाया कि श्रीमान अधिशाषी अभिंयता परियोजना पी.ओ. थर्ड पी.एच.ई.डी. जोधपुर दो स्वतत्र गवाह को लेकर कार्यालय में उपस्थित आया। जिस पर मन महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस ने अपना परिचय दोनो गवाहान को दिया जाकर उनका बारी-बारी से परिचय पुछने पर श्री सुन्दर लाल गोदारा पुत्र श्री खेमा राम गोदारा जाति जाट उम्र 33 वर्ष निवासी सालंवा कलां पुलिस थाना डांगियावास जिला जोधपुर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग क्षेत्र प्रथम जोधपुर मोबाईल नम्बर एवं श्री बालु राम पुत्र श्री केरा राम चौधरी जाति जाट उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम गंगाणा पुलिस थाना बोरानाडा जिला जोधपुर हाल वरिष्ठ सहायक कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड तृतीय जोधपुर मोबाईल नम्बर होना बताया। वक्त 4.20 पी.एम.इस समय कार्यालय में उपस्थित परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड जो कार्यालय में उपस्थित है जिनका मन उप अधीक्ष्ाक पुलिस द्वारा दोनो स्वतत्र गवाहान से आपसी परिचय करवाया गया। तत्पश्चात उक्त दोनो स्वतंत्र गवाहान को बुलाने के मन्तव्य से अवगत करवाया जाकर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को पढकर सुनाया गया एवं पढने को दी गई। तत्पश्चात मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अपने पास सुरक्षित रखा कार्यालय का डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर निकालकर कर चालु कर उसमें परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड एवं संदिग्ध आरोपी श्री राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी के मध्य हुई दिनांक 14.01.2026 को हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता के मुख्य मुख्य अंश सुनाये गये। जिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अंकित तथ्यों के संबंध में परिवादी से पुछताछकर तसल्ली की गई एवं दोनो उक्त गवाहान ने परिवादी की लिखित रिपोर्ट अपने-अपने दिनांकित हस्ताक्षर किये। वक्त 4.40 पी.एम.इस समय मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड को रिश्वती राशि पेश करने हेत कहा जाने पर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड ने आरोपी को दी जाने वाली रिश्वती राशि 15,000/- रूपये प्रचलित भारतीय मुद्रा के 500-500 रूपये के कुल 30 नोट रूबरू गवाहान के प्रस्तुत किये। परिवादी द्वारा प्रस्तुत नोटो के नम्बर फर्द पेशकशी में अंकित किये गये तत्पश्चात श्री अचला राम हैड कानि. 167 से मालखाना से फिनाफथलीन की शीशी मंगवाई जाकर उक्त रिश्वती राशि 15,000/- रूपये प्रचलित भारतीय मुद्रा के 500-500 रूपये के नोट श्री ओमप्रकाश कनिष्ठ सहायक को सुपुर्द कर उक्त नोटो को एक पुराने अखबार पर रखवाये जाकर हल्का-हल्का फिनोफथलीन पाउडर लगवाया जाकर परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड की जामा तलाशी गवाह श्री सुन्दर लाल गोदारा से लिवाई गई तो परिवादी के पास मोबाईल फोन के अतिरिक्त कोई आपतिजनक राशि/अन्य सामान नहीं रहने दिया गया। उक्त नोट परिवादी के पहनी हुई पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब में श्री ओमप्रकाश कनिष्ठ सहायक से रखवाये गये। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड को हिदायत दी गई की रिश्वती राशि को रास्ते में हाथ ना लगाये व आरोपी द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात अपने दोनो हाथ सिर पर दो बार आगे से पिछे की तरफ फेरकर या मन उप अधीक्षक पुलिस के मोबाईल पर कॉल/मिस कॉल् कर गोपनीय इशारा करे। गवाहान व ट्रेप पार्टी को भी आरोपीगण व परिवादी के मध्य होने वाली बातचीत व लेन-देन को यथा सम्भव सुनने व देखने की हिदायत दी गई। तत्पश्चात श्री ओमप्रकाश कनिष्ठ सहायक के हाथ धोवन की कार्यवाही की जाकर दृष्टांत फिनोफथलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट की प्रतिक्रिया को भली भांति समझाया गया। इसके बाद दृष्टात के काम में लियेगये ट्रेप सामग्री किट को साफ पानी व साबुन से धुलवाये जाकर ट्रेप बॉक्स में रखवाया गया। जिस पुराने अखबार पर राशि रख कर फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था उस अखबार को रूबरू गवाहान श्री ओमप्रकाश कनिष्ठ सहायक से जलवाया जाकर नष्ट कराया गया इसके बाद परिवादी को छोडकर समस्त ट्रेप पार्टी की आपस में तलाशी लिवाकर किसी के पास कोई आपतिजन्नक सामग्री नही रहने दी गई। सभी के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये । श्री ओमप्रकाश कनिष्ठ सहायक को फिनोफथलीन पाडर की शीशी सुपुर्द कर कार्यालय के मालखाना में सुरक्षित रखवाई जाकर कनिष्ठ सहायक को कार्यालय में रहने की हिदायत दी गई्ा उक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी व सुपुर्दगी रिश्वती राशि मुर्तिब कर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाये गये। वक्त 5.50 पी.एम.इस समय परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड ने अपने स्तर पर आरोपी की उपस्थिति पता कर बताया कि आरोपी श्री राजेन्द्र ग्राम केतु मदा में उपस्थित नही है एवं आज नही मिलेगा कल दिनांक 29.01.2026 को मिल सकता है जिस पर ट्रेप कार्यवाही कल दिनांक 29.01.2026 को रखने का निर्णय लिया जाकर रिश्वती राशि जो

परिवादी के दाहिनी जेब में रखवाई गई थी जिसे स्वतंत्र गवाह श्री सुन्दर लाल गोदारा से निकलवाई जाकर सुरक्षित अलमारी में रखवाई जाकर अलमारी को लॉक करवाई जाकर अलमारी की चाबी मन उप अधीक्षक पुलिस ने अपने पास रखी । वक्त 6.00 पी.एम. इस समय मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा कल दिनांक 29.01.2026 को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन होने से स्वतंत्र गवाहान को गोपनीयता की हिदायत कर कल दिनांक 29.01.2026 को वक्त 9.00 एएम पर कार्यालय में उपस्थित आने एवं परिवादी को जैसलमेर रोड से आगे कुई ग्राम के आसपास गोपनीय स्थान पर उपस्थित मिलने की हिदायत कर रूखस्त किया गया एवं ब्यूरो जाब्ता को भी 9.00 एएम पर कार्यालय में उपस्थित रहने हेतु पाबंद किया गया। दिनांक 29.01.2026 वक्त 10.15 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्द षुदा दोनो स्वतन्त्र गवाहान श्री सुन्दरलाल गोदारा कनिष्ठ सहायक व श्री बालूराम चौधरी वरिश्ठ सहायक एवं ब्यूरों स्टाफ उपस्थित आये। वक्त 10.45 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्द शुदा श्री भंवरलाल हैड कानि. नम्बर 100 एसीबी चौकी जोधपुर से उपस्थित चौकी आयें है। वक्त 11.00 ए.एम. पर ब्यूरों की कार्यवाही की गोपनीयता हेतु प्राईवेट वाहन की आवष्यकता के लिए पूर्व से पाबन्द शुदा श्री अमृत बिश्नोइ मय अपनें वाहन इनोवा आरजे 19 टीए 9985 के सहित उपस्थित आया। जिससे ब्यूरों की कार्यवाही में साथ चलनें हेतु निर्देषित किया गया। वक्त 11.10 ए.एम. पर मन् महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस मय श्री अनिल कुमार निरीक्षक पुलिस, श्री अचलाराम हैड कानि. नम्बर 61, श्री भंवरलाल हैड कानि. नम्बर 100, श्री संजय कानि. नम्बर 587, श्री भीमसिंह कानि. नम्बर 446, श्री ओमप्रकाश कानि. नम्बर 260, श्री रामकिशोर कानि. नम्बर 13, श्री बलराम कानि. नम्बर 252, श्री लालाराम कानि. चालक नम्बर 638 स्वतन्त्र गवाह श्री सुन्दरलाल गोदारा कनिश्ठ सहायक एवं श्री बालूराम चौधरी वरिष्ठ सहायक के एवं श्री लालाराम कानि. चालक नम्बर 638 मय दो निजी वाहन एव चालक श्री अमृत बिष्नोई के ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप प्रिन्टर, एवं कार्यालय का डिजीटल वॉयस टेप रिकॉर्डर जिसमें नया मैमोरी कार्ड डाला हुआ एवं दो अन्य मेमोरी कार्ड जिसमें दिनांक 17.12.2025 व दिनांक 14.01.2026 को परिवादी व आरोपी के बीच मांग सत्यापन वार्ता रिकॉर्ड हो रखी है एवं परिवादी के कार्य से सम्बन्धित पत्रावली एवं रिश्वत राशि 15000 रूपयें रखी हुई का सफेद लिफाफा निजी वाहन संख्या आरजे 19 सीके 5545 के डेस बोर्ड में रखवाकर मय हमराहीयान सहित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों चौकी जोधपुर ग्रामीण से जैसलमेंर रोड पर स्थित ग्राम कुई के बिजलीघर की तरफ रवाना हुए। वक्त 03.24 पी.एम. पर हालात इस प्रकार से है कि वक्त 11.10 ए.एम. पर मन् महेश श्रीमाली उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों चौकी जोधपुर ग्रामीण से रवाना होकर वक्त 12.35 पी.एम. पर जैसलमेंर रोड पर स्थित ग्राम कुई के बिजलीघर के पास पहुचें। जहां पर पूर्व से पाबन्द शुदा परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह राठौड अपनें वाहन बोलेरो कैम्पर सहित उपस्थित मिला। परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह की जामा तलाशी गवाह श्री सुन्दर लाल गोदारा कनिष्ठ सहायक से लिरवाई गई तों परिवादी के पास अपनें मोबाईल फोन के अलावा कोई वस्तु वगैराह नही पाई गई। इसके बाद स्वतन्त्र गवाह श्री सुन्दरलाल गोदारा कनिष्ठ सहायक से निजी वाहन संख्या आरजे 19 सीके 5545 के डेसबोर्ड सें 15000 रूपयें के सफेद लिफाफे में से राशि निकालकर परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह के पहनी हुई जीन्स पेन्ट की दाहिनी जेब में रखवाये गये। तत्पश्चात् परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह को मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि को आरोपी को देनें से पूर्व छुए नही और हाथ भी नही लगाये। आरोपी द्वारा मांगनें पर ही रिश्वत राशि निकालकर देवें। इसके बाद स्वतन्त्र गवाह श्री सुन्दरलाल गोदारा कनिष्ठ सहायक से सफेद लिफाफे को जलवाया गया। इसके बाद दोनों स्वतन्त्र गवाह के दोनों हाथ साबुन से धुलवाये गये। इसके बाद परिवादी के निजी वाहन बोलेरों कैम्पर में श्री भीमंसिह कानि. नम्बर 446 व श्री ओमप्रकाश कानि. नम्बर 260 को साथ बैठाकर मन उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के निजी वाहनों से पंचायत समिति सेखाला के पास पहुचें। तीनों निजी वाहन को गोपनीय रूप सें खडा करवाया गया। इसके बाद परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह के निजी वाहन में श्री ओमप्रकाश कानि. 260 एवं श्री भीमसिंह कानि. नम्बर 446 को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर जिसमें नया मेमोरी कार्ड डालकर सहित रवाना कर निर्देश दिये गये कि परिवादी को पंचायत समिति सेखाला के लिए रवाना करतें समय डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर ऑन करके रवाना करे तथा आरोपी व परिवादी के रिष्वत राषि लेन देन वार्ता को सुननें का प्रयास करे। इसके बाद मन् उप अधीक्षक पुलिस षेश हमराहीयान के पंचायत समिति सेखाला के आसपास ही गोपनीय रूप से ंवाहन खडा करवाकर रिश्वत राशि लेन-देन के इन्तजार में मुकीम हुए। तत्पश्चात् कुछ समय पश्चात् परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह पंचायत समिति सेखाला से बिना ईशारा किये हुए मय श्री भीमसिंह कानि. नम्बर 446 व श्री ओमप्रकाश कानि. नम्बर 260 के मन उप अधीक्षक पुलिस के पास उपस्थित आयें और परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह से डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर अपनें पास सुरक्षित रखा। तत्पश्चात् परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह राठौड नें बताया कि अभी पंचायत समिति सेखाला में मिंटीग चल रही है व आरोपी श्री राजेन्द्र अभी मिंटीग में है, इस कारण रिष्वत राषि लेन देन नही हो सका। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहीयान मय तीनों निजी वाहनों के पंचायत समिति सेखाला से बाहर गोपनीय स्थान पर अलग अलग खडे हो गये। मिटींग समाप्त होनें के बाद परिवादी श्री सुरेन्द्रंसिह राठौड को रिष्वत राषि लेन देन हेतु पुनः पंचायत समिति सेखाला में भिजवानें का निर्णय लिया जाकर मिंटीग समाप्त होनें के इन्तजार में मुकीम हुए। समय करीब 3 पी.एम. पर परिवादी श्री सुरेन्द्रसिंह राठौड नें मन उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि मैनें गोपनीय रूप सें पता कर लिया है, पंचायत समिति सेखाला में मिटीग समाप्त हो चुकी है। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहीयान कें पंचायत समिति सेखाला के आसपास

